संख्या- 382 /2023/7360/चार-2023

प्रेषक,

रघुनाथ प्रसाद वर्मा,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभागः लखनऊः दिनांक 20 दिसम्बर, 2023

विषय- दिनांक 27, 28 एवं 29 अक्टूबर, 2023 को श्री अन्न महोत्सव तथा दिनांक 28 व 29 अक्टूबर, 2023 को श्री अन्न पकवान प्रतियोगिता एवं जनेश्वर मिश्र पार्क में जाणताराजा समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति पर हुए व्यय की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया अपने पत्र संख्या-3143/सं0नि0-15(57)/2023-24, दिनांक 07 नवम्बर, 2023 एवं पत्र संख्या-3396/सं0नि0-15(57)/2023-24, दिनांक 30 नवम्बर, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिनांक 27, 28 एवं 29 अक्टूबर, 2023 को श्री अन्न महोत्सव तथा दिनांक 28 व 29 अक्टूबर, 2023 को श्री अन्न पकवान प्रतियोगिता एवं जनेश्वर मिश्र पार्क में जाणताराजा समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति पर हुए व्यय रू0 12,46,250/-(रूपये बारह लाख छियालीस हजार दो सौ पचास मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निम्न शर्तों के अधीन श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते हैं :-

(1) समस्त कार्यों का भौतिक सत्यापन कर नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
(2) उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा।
(3) उक्त स्वीकृति इस प्रतिबन्ध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृत धनराशि आवंटित मदों पर व्यय की जायेगी, व्यय की अन्य मदों हेतु कदापि उपयोग नहीं किया जायेगा।
(4) स्वीकृत धनराशि का सम्बन्धित को समयान्तर्गत भुगतान के उपरान्त यथाशीघ्र शासन को सूचित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त धनराशि के भुगतान में मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

3. उक्त धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक के अन्तर्गत अनुदान सं0-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एंव संस्कृति-001-निदेशक तथा प्रशासन-03-संस्कृति निदेशालय के अन्तर्गत-42-अन्य व्यय मद में उपलब्ध धनराशि से किया जायेगा।

भवदीय
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव।

संख्या- 382 /2023/7360/ चार-2023, तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ ।
4- वित्त(लेखा) अनुभाग-1/वित्त(ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in